पंचदश बिहार विधान सभा

षोडश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-04 सोमवार, दिनांक-16 मार्च, 2015 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.13 बजे पूर्वाह्न तक ।

''माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही नेता विरोधी दल श्री नन्दकिशोर यादव द्वारा धान खरीद का मुद्दा उठाया गया और विपक्ष के सभी मा० सदस्य विरोध करते हुए शोरगुल करने लगे और वेल में आकर खड़े हो गए ।

आसन द्वारा नियम-43 के अंतर्गत सूचना देने के लिए विपक्ष के मा० सदस्यों से कहा गया साथ ही आसन द्वारा मा० सदस्यों को अपनी-अपनी सीट पर जाकर अपनी बात रखने का बार-बार अनुरोध किया गया परन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक 12.00 बजे मध्या० तक के लिए स्थगित हुई ।''

स्थगनोपरांत

12.00 बजे मध्या० से 12.05 बजे अप० तक ।

[1] **कार्यस्थगन :-**

मा० सदस्य श्री कन्हैया कुमार एवं श्री प्रेम कुमार से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किए जाने की घोषणा की गई ।

[2] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित मा० सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया -

(i) श्री प्रदीप कुमार

(ii) श्री दिनेश कुमार सिंह

[3] **ध्यानाकर्षण सूचना :-**

मा० सदस्य श्री अब्दुल गफूर का वित्त (सांस्थिक) विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया ।

''इस दरम्यान कार्यस्थगन की सूचना के अमान्य होने के कारण विपक्ष के मा० सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गए और शोरगुल करने लगे । आसन द्वारा उनसे कहा गया कि नियमानुकूल प्रस्ताव लाएँ तो आसन

उसे जरूर देखेगा । लेकिन विपक्ष के मा० सदस्यगण संतुष्ट नहीं हुए और लगातार शोरगुल करते रहे । आसन द्वारा उनसे शांत होने तथा अपनी सीट पर जाने का बार-बार अनुरोध किया जाता रहा, लेकिन सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सदन की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।''

भोजनावकाश के बाद

समय 2.00 बजे अप० से 5.13 बजे अप० तक ।

[4] **वित्तीय कार्य** :-

वित्तीय वर्ष 2014-15 के तृतीय अनुपूरक आय व्यय में सम्मिलित अनुदानों की माँग पर वाद-विवाद तथा मतदान :-

मा० प्रभारी मंत्री, पंचायती राज विभाग, श्री विनोद यादव द्वारा विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्य डा० अच्युतानंद द्वारा राज्य सरकार की पंचायती राज नीति पर विचार विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की माँग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया -

(i) श्री प्रदीप कुमार

(मा० अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया गया)

(ii) श्री प्रेम कुमार (iii) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह

(iv) श्री अरूण कुमार (v) श्री रत्नेश सादा

(vi) श्री मो० आफाक आलम (vii) श्री कन्हैया कुमार

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(viii) श्री पवन कुमार जायसवाल

मा० प्रभारी मंत्री, पंचायती राज विभाग द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया । सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के सभी मा० सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए ।

तत्पश्चात् सदन द्वारा कटौती का प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा पंचायती राज विभाग से संबंधित अनुदान की मांग ध्वनिमत से स्वीकृत हुई एवं वर्ष 2014-15 के तृतीय अनुपूरक विवरणी में सम्मिलित शेष अनुदान की माँगें बारी-बारी से गिलोटीन द्वारा स्वीकृत हुई ।

[5] **राजकीय (वित्तीय) विधेयक :- बिहार विनियोग विधेयक 2015** :-

मा० प्रभारी मंत्री वित्त विभाग द्वारा विधेयक को सदन में सदन की अनुमति से पुरःस्थापित किया गया तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

खंडशः विचार के क्रम में विधेयक के सभी खंड बारी-बारी से इसके अंग बने ।

मा० प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक की स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । विधेयक सदन द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[6] **निवेदन** :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 9 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

[7] **शोक प्रकाश** :-

मा० अध्यक्ष महोदय ने जननायक स्व० मोहन राम के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिर शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की । तदुपरांत सभी मा० सदस्यों ने एक मिनट का मौन खड़े होकर रखा ।

मा० अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना संबंधित शोकाकुल परिवार के पास भेज दिये जायें ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक मंगलवार दिनांक 17 मार्च, 2015 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिये स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-13.03.2015

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

पंचदश बिहार विधान सभा के षोडश सत्र के दिनांक 16 मार्च 2015 के दैनिक विवरणिका का

<u>शुद्धि पत्र</u>

दिनांक 16.03.2015 के दैनिक विवरणिका के क्रमांक [4] (वित्तीय कार्य) वित्तीय वर्ष 2014-15 तृतीय अनुपूरक विवरणी में सम्मिलित अनुदानों की माँग पर वाद-विवाद तथा मतदान अन्तर्गत वाद-विवाद में भाग लेने वाले मा० सदस्यों में क्रमांक (iv) श्री अरूण कुमार के बाद श्री अरूण शंकर प्रसाद पढ़ा जाय । शेष यथावत ।

पटना

दिनांक-17.03.2015

हरेराम मुखिया

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।